आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने दो दिवसीय चिंतन शिविर में इंफ्लूएंजा से निपटने के लिए केन्द्र और राज्यों के बीच सुदृढ़ समन्वय को आवश्यक बताया।
- एफ आर आई और डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से सरकार ने छः महीने में साढ़े छः सौ करोड़ रूपये की धोखाधड़ी रोकी ।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में एस आई आर के अंतर्गत आज प्रकाशित होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची।
- पांच दिवसीय द्वीप पर्यटन महोत्सव का सत्ताईस दिसम्बर से रंगारंग शुभारंभ होगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने कल कहा कि पूरे देश में इन्फ्लूएंजा से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली में 'इन्फ्लूएंजा की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए अंतर–मंत्रालयी और अंतर–क्षेत्रीय तालमेल को मज़बूत करना' विषय पर आयोजित दो दिन के चिंतन शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। अपने संबोधन में श्री नड्डा ने कहा कि इन्फ्लूएंजा के लिए तैयारी, प्रतिक्रिया और विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित करना आवश्यक है। इन्फ्लूएंजा, भारत और दुनिया की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। इस संक्रमण से दुनियाभर में कई मौतें होती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम– आई.डी.एस.पी. नेटवर्क के माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौसमी इन्फ्लूएंजा के रुझानों की गहराई से निगरानी की जा रही है।

<><><><><><><>

दिल्ली राज्य हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर जहां ने कहा है कि बांग्लादेश में भीड़ द्वारा हत्या करना बहुत निंदनीय और बर्बरतापूर्ण है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है और वहां की सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हिंसा बांग्लादेश में उग्रवाद के प्रभाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। सुश्री जहां ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकना जरूरी है ताकि दोनों देशों के बीच संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। भारतीय जनता पार्टी ने बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या के विरोध में कल कोलकाता में एक मार्च का आयोजन किया। विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में

निकाली गई इस रैली में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और साधु संत समाज के सदस्यों ने भाग लिया। इससे पहले, विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष के नेता श्री अधिकारी ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया।

<><><><><><>

सरकार ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक–एफ आर आई की सहायता से सिर्फ छह महीनों में छह सौ साठ करोड़ साइबर धोखाधडी नुकसान को रोक दिया है। संचार मंत्रालय ने बताया कि एक हजार से अधिक बैंकों, थर्ड पार्टी आवेदन प्रदाताओं और भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों ने डिजिटल इटेंलिजेंस प्लेटफॉर्म–डी आई पी का इस्तेमाल करके एफ आर आई को सक्रियता से अपनाना शुरू किया। एफ आर आई भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के सक्रिय समर्थन से संचालित है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों का बड़े पैमाने पर जुड़ाव होता है। मंत्रालय ने सभी सजग नागरिकों और साइबर योद्धाओं के प्रयासों का आभार व्यक्त किया और उनकी सराहना की। ये लोग संदिग्ध धोखाधड़ी संचार अपने नामों पर लिए गए फर्जी कनेक्शन और खोए तथा चोरी हुए हैंडसेट की रिपोर्ट करने के लिए संचार साथी प्लेटफार्म का सक्रियता से इस्तेमाल कर रहे हैं। मंत्रालय ने संचार साथी वेब पोर्टल का इस्तेमाल करने और नागरिक केन्द्रित सेवाओं को प्राप्त करने के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग करने का भी आग्रह किया।

<><><><><><>

श्रमिक मंत्रालय ने ई पी एफ और ई एस आई सी योजनाओं के तहत पंजीकरण बढ़ाने के लिए दो विशेष योजनाओं की घोषणा की है। कर्मचारियों के पंजीकरण के लिए "कर्मचारी पंजीकरण योजना–दो हजार पच्चीस" और" नियोक्ता व कर्मचारी पंजीकरण प्रोत्साहन योजना पेश की गई है। इन योजनाओं के तहत नियोक्ता और कर्मचारी बिना कोई दंड लगाए पंजीकरण करवा सकते हैं। ये योजनाएँ इक्कतीस दिसंबर तक खुली रहेंगी।

<><><><><><>

सरकार ने सोशल मीडिया पर इंडिया पोस्ट के नाम से हो रहे फर्जी लकी ड्रॉ घोटाले के बारे में झूठे दावों का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय फैक्ट चेक के अनुसार यह घोटाला इंडिया पोस्ट ऑफिस के नाम का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों को मुफ्त उपहारों का लालच देकर उनकी निजी जानकारी हासिल करने के लिए चलाया जा रहा है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने कहा है कि आज विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत ड्राफ्ट रोल प्रकाशित किया जाएगा। मतदाताओं से अपनी जानकारी का सत्यापन करने और किसी भी त्रुटि के लिए बाईस जनवरी तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में सत्ताईस से इक्कतीस दिसंबर तक आयोजित होने वाला 'आइलैंड टूरिज्म फेस्टिवल 2025' में सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक संगीत, नृत्य और स्थानीय हस्तशिल्प का शानदार संगम होगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, और कई लोकप्रिय कार्यक्रम जैसे 'हेल्दी बेबी शो', 'फूलों का शो' और 'पालतू जानवरों का शो' आयोजित होंगे। खाद्य कोर्ट और मनोरंजन के अलावा, स्वयं सहायता समूह स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग अट्ठाईस दिसंबर को प्रदर्शनी मैदान में द्वीप पर्यटन उत्सव के तहत पेट शो का आयोजन करेगा। विभाग ने पालतू जानवरों के मालिकों से अपने जानवरों का पंजीकरण कराने का अनुरोध किया है। केवल टीकाकृत पालतू जानवरों को ही इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति होगी। पंजीकरण के लिए संबंधित पशुपालन विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

खंड स्तरीय संसाधन कक्ष, रंगत ने अपने वार्षिकोत्सव के दिन विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उप–शिक्षा अधिकारी सुषिम कुमार बिस्वास और सहायक निदेशक (खेल) वी. रंजीत कुमार, ने नए "लर्निंग–टीचिंग मटेरियल" पुस्तकालय का उद्घाटन किया और व्हीलचेयर तथा दैनिक जीवन किटों का वितरण किया। इस अवसर पर बच्चों ने योग, नृत्य और रैंप वॉक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन के बी आर पी के शहला यासमीन ने किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड सत्ताईस दिसंबर को सुबह दस बजे फरारगंज ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्माण श्रमिकों के लिए एक जागरूकता और पंजीकरण शिविर आयोजित करेगा। इस शिविर का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा लागू किए गए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूक करना और उन्हें मौके पर पंजीकरण करने में

मदद करना है। शिविर में श्रमिकों को इन योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। सभी निर्माण श्रमिकों को इस शिविर में भाग लेने और पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह की दस सदस्यीय स्केटिंग टीम पच्चीस से तीस दिसंबर तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में होने वाली उनहत्तरवीं एसजीएफआई नेशनल स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में पहली बार भाग लेने के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने टीम को शुभकामनाएं दीं और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

<><><><><><><>